सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-547
06/12/2018

धान अधिप्राप्ति का कार्य सुचारू रूप से चलाया जाय ताकि अधिक से अधिक किसानों को लाभ मिल सके :– मुख्यमंत्री

पटना, 06 दिसम्बर 2018 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में आज 1 अणे मार्ग में धान अधिप्राप्ति से संबंधित बैठक आहुत की गयी। बैठक में सहकारिता मंत्री श्री राणा रणधीर सिंह, मुख्य सचिव श्री दीपक कुमार, विकास आयुक्त श्री अरूण कुमार सिंह, अपर मुख्य सचिव सहकारिता श्री अतुल प्रसाद, प्रधान सचिव वित्त श्री एस0 सिद्धार्थ, मुख्यमंत्री के सचिव श्री मनीष कुमार वर्मा, सचिव खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण श्री पंकज कुमार, निबंधक सहयोग समितियॉ श्रीमती रचना पाटिल उपस्थित थे।

समीक्षा के क्रम में मुख्यमंत्री को बताया गया कि धान अधिप्राप्ति का इस साल का लक्ष्य केन्द्र सरकार द्वारा कम कर सूचित किया गया है। इस साल का लक्ष्य 12 लाख एम0टी0 निर्धारित किया गया है। मुख्यमंत्री ने इस संदर्भ में केन्द्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री श्री रामविलास पासवान से दूरभाष पर वार्ता की तथा धान अधिप्राप्ति इस वर्ष के लक्ष्य को पुनः गत वर्ष की तरह 30 लाख एम0टी0 निर्धारित करने का अनुरोध किया। साथ ही मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री श्री रामविलास पासवान से बकाया राशि का भी भुगतान करने का अनुरोध किया ताकि धान अधिप्राप्ति की व्यवस्था सुचारू रूप से चल सके।

समीक्षा के क्रम में यह पाया गया कि धान के फसल में अभी नमी की मात्रा अधिक है। अधिप्राप्ति हेतु नमी के मानकों को कम करने की आवश्यकता महसूस की गयी। मुख्यमंत्री ने इस संदर्भ में केन्द्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री श्री रामविलास पासवान से अनुरोध किया कि अधिप्राप्ति हेतु नमी के मानकों को कम किया जाय तथा इससे संबंधित निर्णय से शीघ्र संसूचित किया जाय ताकि अधिप्राप्ति की गति में तेजी लायी जा सके।

समीक्षा के क्रम में अधिप्राप्ति को लेकर सभी अधिकारियों को मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि अधिप्राप्ति का कार्य सुचारू रूप से चलाया जाय, जिससे अधिक से अधिक किसानों को लाभ मिल सके।

******